संक्षिप्त

भागवत कथा का शुभारंभ

निवाई। सिंधी कॉलोनी में स्थित झूलेलाल धर्मशाला में उदयपुर के पुष्करदास महाराज के सानिध्य में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलशयात्रा के साथ हुआ। श्रद्धालु हेमंतदास फुलवानी ने बताया कि श्याम बाबा मंदिर में भागवत की पोथी एवं कलशों का विधि विधान से पूजन किया गया। इसके बाद पोथी को भगवान के चरणों में रखकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा का श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया। कलश यात्रा में महिलाएं भजनों पर नृत्य करती हुई चल रही थी। कलश यात्रा में कथा व्यास संत पुष्करदास महाराज, टोंक के स्वामी तुलसीदास, दादू आश्रम के स्वामी प्रकाशदास महाराज सहित यजमान सोनू फुलवानी ने परिवार के साथ भागवत की पोथी को सिर पर धारण किया। कथा में महाराज ने कहा आज के समय में चारों तरफ दुख व अशांति हो रही है। जो भगवान की शरण में आए उन्हें शांति अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि सत्संग रूपी ठंडक में जो आएगा उन्हें शांति मिलेगी। सत्संग से जुडने से संताप कम होता है। भागवत ठान्थ इसलिए कहते है क्यों कि यह ठान्थ मन की गांठों को खोलता है। भजन व कथा का श्रवण करने से मन प्रसन्न रहता है। उन्होंने कहा कि तन, मन व धन का सही उपयोग करने की जरूरत है। उन्होंने कहा मेहनत से कमाए ओर शुभ कार्य में खर्च करने से लक्ष्मी प्राप्त होती है।

मृतकों के आश्रितों को आर्थिक मदद

टोंक। बनास नदी में विगत दिनों हुए हादसे में जयपुर जिले के 8 व्यक्तियों के डूबकर मृत्यु होने पर जिला कलेक्टर टोंक डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने मृतकों के आश्रितों को सहायता दिलवाने में त्वरित कार्यवाही की है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर विनोद कुमार मीणा ने बताया कि मृतकों के आश्रितों को आर्थिक सहायता दिलवाये जाने के लिए कुल 8 मृतकों में से 6 मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना में बीमित होने पर 4 के आश्रितों को पांच-पांच लाख रुपये की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। एडीएम ने बताया कि अन्य बीमित 2 मृतकों के आश्रितों को भी शीघ्र ही आर्थिक सहायता स्वीकृत की जाएगी। साथ ही, जिला कलेक्टर टोंक द्वारा अबीमित 2 मृतक आश्रितों को आर्थिक सहायता के लिए स्वीकृति प्रस्ताव मुख्यमंत्री सहायता कोष को भिजवाया जा चुके है।

विमान दुर्घटना के मृतकों को श्रद्धांजलि

मनोहरपुर । कस्बे के गांधी चौक बाजार में नगर कांठोस कमेटी ने सोमवार को अहमदाबाद विमान व केदारनाथ में हेलीकॉप्टर दुर्घटना, पुणे में पुल, टोंक बनास नदी में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी । इस दौरान मोमबत्ती जलाकर मौन रहकर दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना की प्राप्त जानकारी के अनुसार इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष नाथू लाल सैनी, नगर अध्यक्ष अलाउद्दीन खान, पूर्व सरपंच अर्जुन मोहनपुरिया, ब्लॉक प्रवक्ता राकेश हलकारा, महेश जडवाल, ओम प्रकाश बागडी, किशन भारती, खेमचंद असवल, बनवारी यादव,पंकज मिश्रा, शाहिद खान, अफसर खान एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नोडल अधिकारी एवं प्राचार्य डॉ हंसराज चौहान ने यह जानकारी दी।

पंजीकरण शिविर आज

श्रीमाधोपुर। विशेष योग्यजन संयुक्त सहायता योजना अंतर्गत कृत्रिम अंग उपकरण वितरण हेतु पंजीकरण शिविर पंचायत समिति सभागार श्रीमाधोपुर में 17 जून मंगलवार को प्रात: 10 से 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें पात्र विशेष योग्यजनों के कृत्रिम अंग उपकरण यथा ट्राई साइकिल, व्हील चेयर , हियरिंग मशीन , वैशाखी व इसके साथ ही पालनहार योजना , पेंशन योजना , दिव्यांग प्रमाण पत्र के आवेदन भी लिए जाएंगे। इच्छुक विशेष योग्यजन प्रमाण पत्र , आधार कार्ड व विकलांगता प्रदर्शित करते हुए पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य साथ लाएं।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

रात में गश्त के दावों के बावजूद बदमाश बेखौफ

- शीशा तोड़ गिरोह सक्रिय, रंजीत नगर में कार के शीषे तोडे, पुलिस अभी तक खाली हाथ

भरतपुर (निस)। भरतपुर में कारों के शीशे तोड़ने वाली गैंग सक्रिय, बीती रात रंजीत नगर में कार के दोनों शीशे तोड़े, पुलिस की 2 टीमें बदमाशों की तलाश की रही है।

भरतपुर शहर में इन दिनों एक असामाजिक तत्वों की गैंग सक्रिय है। कुछ युवक रात को ठ्रुप बनाकर पॉश कॉलोनियों में जाते हैं और, घर के बाहर खडी कारों के शीशों को पत्थरों से तोड देते हैं। पिछले कई दिनों से ऐसे मामले सामने आ रहे हैं। बीती रात भी शहर के रंजीत नगर में कुछ युवकों ने एक व्यक्ति की कार के आगे पीछे के शीशों को तोड दिया। जब परिवार के लोग सुबह सोकर उठे तो, उन्हें घटना का पता लगा। जिसके बाद उन्होंने कोतवाली पुलिस को घटना की सूचना दी। रोहित गोयल ने बताया कि वह व्यापारी हैं। उनका मकान बन रहा है।

भरतपुर में कारों के शीशे तोड़ने वाली गैंग सक्रिय होने से लोगों को नुकसान हो रहा है।

इसलिए हाल में उनका परिवार बगल वे मकान में रह रहा है। कल काम से आने के बाद उन्होंने अपनी कार घर के बाहर खड़ी कर दी थी। सुबह जब उठे तो, उनकी कार के आगे पीछे के शीशे टूटे हुए थे। आगे के शीशे पर एक ईंट भी पडी थी। जिसके बाद उन्होंने कोतवाली थाना पुलिस को घटना को सूचना दी। पुलिसकर्मी मौके पर आए और उन्होंने आसपास मकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले लेकिन, इस घटना को अंजाम देने वाले लोगों का पता नहीं लगा। गत दिनों मथुरा गेट थाना क्षेत्र स्थित जवाहर नगर कॉलौनी में अराजक तत्वों द्वारा मकानों के बाहर आधा दर्जन खडी कारों के शीषे तोडे गये थे।

पीडितों की ओर से संबधित पुलिस थाने में षिकायत दी गई लेकिन इसके बाबजूद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नही हो सकी हैं इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पुलिस इन मामलों को लेकर कितनी गंम्भीर है। बीते दिनों से हो रही इन घटनाओं को लेकर सीओ आइपीएस पंकज यादव ने कहा कि, ऐसे बदमाशों को पकडने के लिए दो टीमें लगाई हैं। कुछ युवकों को आइडेंटिफाई किया गया है। अभी तक नामजद कोई भी सामने नहीं आया है। शहर में 2 फेज की गश्त चल रही है। रात में घूमने वाले लोगों से लगातार पूछताछ की जा रही है।

पेयजल किल्लत से आमजन को मिलेगी राहत

कोटपूतली। भीषण गर्मी के मौसम में क्षेत्रवासियों को पेयजल किल्लत से राहत दिलाये जाने को लेकर विधायक हंसराज पटेल द्वारा हरसम्भव प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में विधायक पटेल की अनुशंषा पर राज्य सरकार के पीएचईडी विभाग ने क्षेत्र में विभिन्न पेयजल योजनाओं हेतु 01 करोड 26 लाख 73 हजार रूपयों की राशि जारी करते हुये वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी की है। विधायक पटेल ने बताया कि ग्राम भूरी भडाज में एक थ्री फेस ट्यूबवैल पाईप लाईन हेतु 24 लाख 30 हजार, ग्राम चिमनपुरा में एक थ्री फेस ट्यूबवैल पाईप लाईन हेतु 24 लाख 23 हजार, ग्राम सांगटेडा में एक थ्री फेस ट्यूबवैल पाईप लाईन हेतु 24 लाख 94 हजार, ग्राम पूतली में एक थ्री फेस ट्यूबवैल पाईप लाईन हेतु 24 लाख 44 हजार व कस्बे के डाबला रोड स्थित काशीपुरम में एक थ्री फेस ट्यूबवैल पाईप लाईन हेतु 28 लाख 82 हजार रूपयों की राषि जारी की है।

नवनियुक्त कार्यकारिणी का स्वागत

निवाई। भारतीय जनता पार्टी के शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदनसिंह राठौड, जिलाध्यक्ष चन्द्रवीरसिंह चौहान की अनुमति से विधायक रामसहाय वर्मा के निर्देशन में कार्यकारणी की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि कार्यकारणी में महामंत्री के पद पर जयनारायण कुमावत व वंशप्रदीप पारीक, उपाध्यक्ष किशनलाल चौधरी, शंकरलाल पडियार, शिवप्रकाश पारीक, नगेन्द्रसिंह, चन्द्रकला खंडेलवाल व मोहित जैन, मंत्री जितेन्द्र विजय, लक्ष्मण गुर्जर, जितेन्द्र धारवाल, पार्षद शंकरलाल सैनी, रामकेश मीणा व सुमित्रा वर्मा, कोषाध्यक्ष रामबिलास बलाई, सह कोषाध्यक्ष विरेन्द्रसिंह, कार्यालय मंत्री गोवर्धन जैन, सह कार्यालय मंत्री नरेश कसाणा, मीडिया प्रभारी संजय हरसोरा, सह मीडिया प्रभारी सियाराम शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी अर्जुन शर्मा, सह सोशल मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश वर्मा, आईटी सेल प्रभारी चन्दनमल कंवरिया, सह प्रभारी जॉनी केशवानी, प्रचार मंत्री अनिल पारीक सिरस एवं सह प्रचार मंत्री के पद पर जॉन्टी नकवाल को नियुक्त किया है। इस दौरान नवनियुक्त शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा सहित समस्त कार्यकारणी का विधायक रामसहाय वर्मा व पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के सानिध्य में पद व गोपनीयता की शपथ दिलाकर माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

प्रवेश की अंतिम तिथि 20 जून

श्रीमाधोपुर । नवीन राजकीय सह शिक्षा महाविद्यालय श्रीमाधोपुर में प्रवेश प्रक्रिया जारी आवेदन ऑनलाइन ई मित्र के माध्यम से भरे जा रहे आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 जून 25 है महाविद्यालय स्तर पर आवेदनों का सत्यापन 21 जून तक किया जायेगा तथा अंतिम वरीयता एवं प्रतिक्षा सूची का प्रकाशन 23 जून को किया जाएगा , सत्यापन एवं शुल्क जमा 26 जून को होगा,28 जून को अंतिम सुची का प्रकाशन होगा तथा 1 जुलाई से अध्ययन कार्य हिन्दी, अंठोजी, संस्कृत, राजनीति विज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र , अर्थशास्त्र विषय में शुरू होगा। छात्र एवं छात्राएं दोनों इस महा विधालय में प्रवेश ले सकते है।महाविद्यालय नगरपालिक श्रीमाधोपुर के सामने स्थित अस्थाई भवन में संचालित है, शीर्ष ही नवीन भवन का निर्माण होगा ।महाविद्यालय में राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली प्रत्येक प्रकार की छात्र वृत्ति जैसे सामाजकल्याण , कालीबाई स्कूटी देवनारायण स्कूटी योजना आदि का लाभ तथा ट्रांसपोर्ट योजना का लाभ राज्यसरकार के नियमानुसार देय होगा।

मानसून पूर्व तैयारियों के लिए ई.ओ. को निर्देश दिए

सांभरझील, (निसं)। पं. दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा जो कि आगमी 24 जून से 9 जुलाई तक आयोजित किया जाना है के अंतर्गत सरकार की ओर से विभिन्न कामों को तत्काल प्रभाव से करने हेतु नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी को निर्देश जारी कर दिए हैं। स्वायत शासन विभाग के निदेशक इंद्रजीत सिंह ने आदेश में बताया कि

सभी बरसाती नालों, सीवर लाइनों एवं ड्रेनेज चैनलों की सफाई 15 अप्रैल से प्रारंभ की जा चुकी है इस कार्य को नियमित रूप से जारी रखें तथा सतत मॉनिटरिंग एवं साइट निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें।

जलभराव की पूर्व संभावना वाले स्थलों की पहचान कर, आवश्यक समाधान एवं वर्षाजल की त्वरित एवं निर्बाध निकासी हेतु पुख्ता एवं स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। रेलवे अंडरपास, निचले क्षेत्रों में बसी बस्तियाँ एवं प्रमुख सड़क चौराहों पर वर्षा के समय जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए पंप सेट्स, नाव, मिट्टी से भरे कट्टे आदि की पूर्व तैयारी एवं त्वरित तैनाती करने को भी कहा है।

निर्देश दिए गए हैं कि बरसाती नालों पर किए गए अवैध अतिक्रमणों की पहचान कर, नियमानुसार अभियान संचालित करते हुए उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाया जाए तथा वृक्षारोपण के लिए गड्ढों की खुदाई शीघ्रता से पूर्ण कराई जाए ताकि पखवाड़े के दौरान पौधारोपण किया जा सके। इसके अतिरिक्त अधिशाषी अधिकारी को तालाबों, नाड़ियों एवं अन्य सार्वजनिक जल स्त्रोतों की समुचित सफाई कराई जाए तथा इनके किनारों पर सुरक्षा एवं सावधानियों से संबंधित चेतावनी बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाने पिछली बरसातों में जिन इलाकों में समस्याएं सामने आई थीं, उनकी समीक्षा करते हुए स्थायी समाधान की दिशा में काम करने, आपदा प्रबंधन के अंतर्गत मिट्टी से भरे कट्टों की अठिाम व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि भारी वर्षा या जलभराव की स्थिति में तुरंत उपयोग में लिया जा सके। मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्रों पर पहले से संठाहित वस्तुओं जैसे कपड़े, फर्नीचर, खिलौने आदि का संठाहण एवं वितरण की योजना बनाकर लागू करने, रात्रिकालीन सफाई कार्यों की ठेकेदारों द्वारा व्यवस्था एवं रात्रि निरीक्षण उपखण्ड अधिकारी/ तहसीलदार स्तर पर किया जाएगा। सभी सफाई व अन्य संबंधित भुगतान कार्य मानसून उपरांत किया जाए ताकि कार्यों की सही प्रकार से स्थिति सामने आ सके।

भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

निवाई। भारतीय जनता पार्टी नटवाड़ा मण्डल अध्यक्ष बद्री विजय नटवाडा ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ एवं जिलाध्यक्ष चन्द्रवीरसिंह चौहान की अनुमति से विधायक रामसहाय वर्मा की सहमति से कार्यकारणी का विस्तार किया है। जिससे भाजपा के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड गई। अध्यक्ष बद्री विजय ने बताया कि कार्यकारणी में महामंत्री के पद पर आशाराम डोई व नारायण यादव, उपाध्यक्ष अमरसिंह सोलंकी, डीआर ममता चौधरी, पूर्व प्रधान ममता जाट, रमेश गुर्जर, हरिशंकर चौधरी व रामसहाय मीणा, मंत्री के पद पर रामदयाल गुर्जर, नन्दसिंह राजावत, जगराम मीणा, मुकेश रैगर, मुकेश प्रजापत व लवराज सिंह, कोषाध्यक्ष के पद पर रामदेव प्रजापत, आई-टी-सेल प्रभारी चिन्टू लक्षकार, मीडिया प्रभारी हेमराज मीणा, प्रवक्ता धर्मचन्द चैधरी, कार्यालय मंत्री मुकेश कीर व सोशल मीडिया प्रभारी के पद पर राजू जायसवाल को नियुक्त किया है।

पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

कोटपूतली। राजकीय एल.बी.एस. पी.जी. महाविधालय में सोमवार को नई किरण नशा मुक्त भारत अभियान के एक्टिविटी कैलेंडर के अनुसार जून माह के दूसरे सप्ताह में नई किरण नशा मुक्ति अभियान एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्त्वाधान में नशा मुक्ति विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पोस्टर के माध्यम से नशे के साधनों, दुष्परिणामों एवं नशे से बचने के लिए विभिन्न उपायों की अभिव्यक्ति प्रस्तुत की गई। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल द्वारा किए गए निर्णय के अनुसार चंचल गुप्ता प्रथम, साक्षी जांगिड़ एवं भारती यादव द्वितीय व सीमा गुर्जर तृतीय स्थान पर रही। प्राचार्य प्रो. राजेंद्र कुमार सिंह ने विजेता रहे सभी प्रतिभागियों को बधाई दी एवं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा की।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम गायसुदिन से बदलकर मो. इरफान पुत्र फुल मोहम्मद रख लिया है। भविष्य में मुझे मो. इरफान के नाम से जाना जावे। पता:- A-574, न्या जालूपुरा शास्त्री नगर जयपुर राजस्थान।

मैं प्रदीप देवनानी पुत्र श्री दयाल दास देवनानी निवासी D-41, बजरंगविहार-3, हरमाड़ा घाटी, जयपुर राजस्थान। प्रदीप कुमार देवानानी व प्रदीप देवनानी दोनों नाम स्वयं के है तथा भविष्य में मुझे प्रदीप देवनानी के नाम से जाना जाये।

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या नीलम वशिष्ठ पत्नी श्री राहुल वशिष्ठ निवासी मकान नम्बर 3/591, प्रधान मार्ग मालवीय नगर जयपुर, राजस्थान द्वारा श्री सुकृत शर्मा पुत्र स्व.श्री मुरारी लाल शर्मा निवासी फ्लैट नम्बर सी- 244, आशियाना रंगोली, ग्राम आकियाना, भिवाडी, अलवर राजस्थान से उनके एकमात्र स्वामित्व व अधिपत्य की सम्पत्ति फ्लैट नम्बर E-F0149 1st FLOOR PLOT NO E-F0149 AT, GULMOHAR GARDENS MANPURA BHATAWALA, VATIKA ROAD, SANGANER, JAIPUR राजस्थान मे स्थित है जिसका कुल विल्टअप एरिया 808.80 वर्गफीट व सुपर विल्टअप एरिया 1010 वर्गफीट है को खरीद करने हेतु एच.डी.एफ.सी. बैंक लि. से ऋण प्राप्त कर उक्त सम्पत्ति को बंधक रखना चाहता है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को उक्त सम्पत्ति के खरीद / बंधक से किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता से लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सम्पर्क करे, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी।
जयपुर (रामेश्वर सिंह राठौड़) एडवोकेट
दिनांक:-16.06.2025 मो.नं. 9829256466

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती पूजा हरियानी धर्मपत्नि श्री विष्णु हरियानी, मकान नम्बर 1/340, मालवीय नगर, जयपुर के पति विष्णु हरियानी पुत्र स्व. गुलाबराय हरियानी जो कि विगत एक वर्ष से मानसिक रूप से अस्वस्थ है तथा सोचने, समझने एवं सही निर्णय लेने की स्थिति मे नहीं है। मकान नम्बर 1/340, 1/14, 2/498, मालवीय नगर, जयपुर की अचल सम्पत्तियाँ मेरी अभिभाष्या के पति की पैतृक अचल सम्पत्तियाँ है जिनकी खरीद मेरी अभिभाष्या के विवाहोपरांत हुई है जिसमें मेरी अभिभाष्या की आर्थिक सहभागिता रही है उक्त सम्पत्तियों पर मेरी अभिभाष्या का कब्जा है। किसी भी दीगर व्यक्ति, संस्था द्वारा विष्णु हरियानी से उक्त सम्पत्तियों के क्रय / हस्तान्तरण बाबत किये गये किसी भी प्रकार के संव्यवहार के लिए संबंधित पक्ष स्वयं उत्तरदायी रहेगा।
जयपुर (चन्द्रप्रकाश खेतानी) एडवोकेट
दिनांक:15/6/2025 मो.नं.9314505592

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण 1. मोहनलाल हरियानी, 2. रवि हरियानी भागीदार फर्म मीरा मेडिकल्स, दुकान नं 8 दूनी हाऊस, फिल्म कॉलोनी, चौड़ा रास्ता, जयपुर के अन्य भागीदार विष्णु हरियानी पुत्र स्व. गुलाबराय हरियानी जो कि विगत एक वर्ष से मानसिक रूप से अस्वस्थ है तथा सोचने, समझने एवं सही निर्णय लेने की स्थिति में नहीं है। किसी भी दीगर व्यक्ति, फर्म द्वारा विष्णु हरियानी से उक्त फर्म से संबधित किये गये किसी भी प्रकार के संव्यवहार / लेन-देन के लिए संबधित पक्ष परिणामों के लिए स्वयं उत्तरदायी रहेगा।
जयपुर (चन्द्रप्रकाश खेतानी) एडवोकेट
दिनांक:15/6/2025 मो.नं.9314505592

खोया-पाया

मेरे मकान 2 घ 10, जवाहर नगर जयपुर का मूल आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, अदैय प्रमाण पत्र, कार्यालय आदेश, पर्पेटुअल लीज एवं कन्वेंस डीड-जवाहर नगर में कहीं खो गए। मिलने पर सूचित करें- मंजू माथुर-9928499072

मेरे मकान संख्या 17, न्यू हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रणथम्भौर रोड, सवाई माधोपुर, राजस्थान के मूल आवंट पत्र, साईट प्लान, नक्शा, पजेशन लैटर व अन्य दस्तावेज कहीं गुम हो गये है। मिलने पर सूचित करें- निरंजन लाल गुप्ता 9828772285

मेरे आवास संख्या 67/193, प्रताप नगर सांगानेर जयपुर का मूल आवंटन से मौलिक कब्जे की मूल प्रति कहीं गिर/गुम हो गई है मिलने पर सूचित करें- रितेश जैन 9929112021

कार्यालय नगर परिषद कोटपूतली (कोटपूतली-बहरोड)
क्रमांक : न.प.कोट/भूमि/2025/928 दिनांक : 16.6.25
प्रारूप-10
(नियम 6(7)
लोक सूचना
आवेदनकर्ता श्री महेन्द्र सैनी पुत्र श्री बनवारी लाल सैनी जाति माली निवासी गौशला रोड तहसील कोटपूतली इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषित प्रयोजन (व्यवसायिक) उपयोग हेतु ऐसी भूमि अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नंबर	क्षेत्र	प्रयोजनार्थ
कोटपूतली-बहरोड, कोटपूतली	बासडी (कोटपूतली)	2178/1701 2179/1701	2.7500 है.	आवासीय

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 1963 के अधिनियम पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारं के निर्वापन करकोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर किसी कार्यालय दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थन दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त वर्णित समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निस्तारण किया जाएगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर मुहर के अधीन ..... को जारी की गई है।
प्राधिकृत अधिकारी, नगर परिषद कोटपूतली

कार्यालय नगर परिषद कोटपूतली (कोटपूतली-बहरोड)
क्रमांक : न.प.कोट/भूमि/2025/925 दिनांक : 16.6.25
प्रारूप-10
(नियम 6(7)
लोक सूचना
आवेदनकर्ता श्री महेन्द्र सैनी पुत्र श्री बनवारी लाल सैनी जाति माली निवासी गौशला रोड तहसील कोटपूतली इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषित प्रयोजन (व्यवसायिक) उपयोग हेतु ऐसी भूमि अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नंबर	क्षेत्र	प्रयोजनार्थ
कोटपूतली-बहरोड, कोटपूतली	खेडकी मुक्कड (कोटपूतली)	1463/165	0.1193 है.	व्यवसायिक

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 1963 के अधिनियम पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारं के निर्वापन करकोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर किसी कार्यालय दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थन दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त वर्णित समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निस्तारण किया जाएगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर मुहर के अधीन ..... को जारी की गई है।
प्राधिकृत अधिकारी, नगर परिषद कोटपूतली

कार्यालय विकास अधिकारी कम कार्यक्रम अधिकारी पंचायत समिति सेवर
क्रमांक : 556 दिनांक : 13.6.2025
खुली ई-निविदा संख्या 03/2025-26
पंचायत समिति सेवर एवं इसके परिक्षेत्राधीन 25 ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु मनरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं की निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत फर्मों/संवेदकों/सप्लायरों से दिनांक 31.03.2026 तक के लिए ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट www.spp.rajasthan.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in पर 16.06.2025 से 27.06.2025 तक देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।
NIB No. ZBH2526A0204
UBN No.

1.	मूढौता	ZBH2526GLOB00354	14.	इकरन	ZBH2526GLOB00369
2.	फुलवारा	ZBH2526GLOB00357	15.	माढौनी	ZBH2526GLOB00370
3.	बासीखुर्द	ZBH2526GLOB00358	16.	सुनारी	ZBH2526GLOB00371
4.	झारौली	ZBH2526GLOB00359	17.	घुरथ्यारी	ZBH2526GLOB00372
5.	लुधावई	ZBH2526GLOB00360	18.	पार	ZBH2526GLOB00373
6.	बिलौठी	ZBH2526GLOB00361	19.	हथैनी	ZBH2526GLOB00374
7.	जाटौली स्थमान	ZBH2526GLOB00362	20.	कूम्हॉ	ZBH2526GLOB00375
8.	जघीना	ZBH2526GLOB00363	21.	महुआ	ZBH2526GLOB00376
9.	ऊंदरा	ZBH2526GLOB00364	22.	रूँध इकरन	ZBH2526GLOB00377
10.	चिकसाना	ZBH2526GLOB00365	23.	खैमरा	ZBH2526GLOB00378
11.	बहनेरा	ZBH2526GLOB00366	24.	गावडी	ZBH2526GLOB00379
12.	पीपला	ZBH2526GLOB00367	25.	धौरमुई	ZBH2526GLOB00380
13.	मोराली कला	ZBH2526GLOB00368	20.	प.स. सेवर	

विकास अधिकारी कम कार्यक्रम अधिकारी, पंचायत समिति सेवर

गंगोत्री व हरिद्वार जाने के लिए पंजीयन शुरू

- गंगाजल लाने के लिए 30 जून को पावटा से गंगोत्री के लिए व 8 जुलाई को हरिद्वार के लिए शिवभक्त होगे रवाना

पावटा। बाबा भूतनाथ कमेटी पावटा के सानिंध्य मे आगामी 30 जून 2025 सोमवार को गंगाजल लाने के लिए कावड यात्रियों का एक जत्था बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम पावटा व ज्ञानदास महाराज मंदिर से गंगोत्री व 8 जुलाई 2025 मंगलवार को एक जत्था पावटा से हरिद्वार के लिए रवाना होगा। जिसका बाबा भूतनाथ धाम मंदिर महंत जयराम दास महाराज के सान्निध्य में पोस्टर विमोचन किया गया।

उक्त जानकारी देते हुए बाबा भूतनाथ कमेटी संरक्षक दिनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, अध्यक्ष विकास शर्मा, कावड प्रभारी मामराज स्वामी, विनोद सैन, गंगाधर मीणा, जम्मन राठी, मालीराम बाड़ीगर, बंटी शर्मा, प्रमोद शर्मा ने बताया कि बाबा भूतनाथ कमेटी पावटा के सानिंध्य मे आगामी 30 जून 2025 सोमवार को कावड यात्रियों का दल शाम 5 बजे बाबा भूतनाथ की पूजा अर्चना करके पावटा से गंगोत्री व 8 जुलाई मंगलवार को हरिद्वार के लिए प्रस्थान करेगा। वही गंगोत्री व हरिद्वार से गंगाजल भरकर 22 जुलाई बुधवार को वापस पावटा आगमन पर विशाल कावड शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए बाबा भूतनाथ मंदिर जोहडा धाम पावटा पहुंचेगी। वही 23 जुलाई 2025 बुधवार को बाबा भूतनाथ का गंगा जल से जलाभिषेक किया जायेगा। वही बाबा भूतनाथ कमेटी पदाधिकारियो ने कावड यात्रा में जाने वाले शिव भक्तो से गंगोत्री व हरिद्वार जाने के लिए कावड प्रभारियों से अपना अपना पंजीयन करवाने की बात कहीं। वही गौरतलब है कि भूतनाथ कमेटी पावटा द्वारा विगत 30 वर्षों से हरिद्वार से पैदल चलकर पावटा गंगाजल कावड यात्रा आती है। उसी गंगाजल से कावड़ियों, शिव भक्तो व ठाम जनता द्वारा बाबा भूतनाथ का अभिषेक किया जाता है।

प्राची यादव ने गौरवान्वित किया

श्रीमाधोपुर । नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से शनिवार को जारी नीट-यूजी 2025 के रिजल्ट में मानगढ़ के डागर परिवार के कामरेड अनिल यादव एवं सरोज यादव की होनहार बिटिया प्राची यादव ने 720 में से 591 अंक अर्जित कर आल ओवर इंडिया में 2097 वीं रैंक हासिल करके परिवार ही नहीं समूचे अजीतगढ़ परिक्षेत्र को गौरवान्वित करने का काम कर दिखाया।अपनी बुद्धि एवं मेधावी शक्ति का परचम लहराने वाली प्राची यादव ने ओबीसी एनसीएल सेंट्रल लिस्ट केटेगिरी रैंक 703 प्राप्त करने में सफलता हासिल की। क्षेत्र के चिर-परिचित वयोवृद्ध शिक्षाविद् स्वर्गीय सूर्यनारायण यादव की पोती प्राची यादव अपने स्वर्गीय दादा को ही सबसे बड़ा प्रेरणास्त्रोत मानती हैं और रिजल्ट आते ही उन्हीं की तस्वीर के समक्ष सर्वप्रथम अपना स्कोरकार्ड समर्पित करके भावुक होकर नमन किया।21अक्टुबर, 2005 में जन्मी नन्हीं सी प्राची बचपन से ही होनहार एवं प्रतिभाशाली रही है। प्रारम्भिक शिक्षा अजीतगढ़ से लेने के बाद सीकर कोचिंग का सहारा लिया और नीट-यूजी फाईट कर दिखाया।

'बालक की प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा से हो'

निवाई। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, जयपुर के तत्वावधान में आयोजित हो रहे दस दिवसीय नवीन आचार्य अभ्यास वर्ग में सोमवार को विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री गोविंद कुमार ने कहा कि बालक की प्राथमिक शिक्षा मातृभाषा में ही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में भी परिवर्तन कर इस बार 22 भाषाओं को शामिल किया गया है। ताकि प्राथमिक शिक्षा अपनी मातृभाषा में दी जा सके। उन्होंने कहा कि बालक की शिक्षा गुणात्मक होनी चाहिए।

शिक्षा के साथ बालक का सर्वांगीण विकास भी होना आवश्यक है। बालक का संपूर्ण मूल्यांकन भी होना चाहिए। इससे बालक का समठा विकास हो सकेगा। पाथेय से पूर्व प्राथमिक विभाग के